आर.पी.एस.सी के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा के खिलाफ चलेगा ट्रायल

एसओजी ने ईडी मामलों की विशेष अदालत में पेश की अभियोजन स्वीकृति की प्रति

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक मामले में एसओजी ने ईडी मामलों की विशेष अदालत में आरपीएससी के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति की प्रति पेश की।

कटारा को एसओजी ने 18 अप्रेल 2024 को गिरफ्तार किया था। कटारा पर आरोप है कि वह आयोग से पेपर अपने घर ले गया था। वहां उसने अपने भांजे विजय डामोर की मदद से पेपर को रजिस्टर में उतारा। बाद में पेपर 60 लाख में सरगना अनिल मीणा को बेच दिया। मीणा ने 80 लाख में पेपर भूपेन्द्र सारण को बेच दिया। एसओजी ने कटारा सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था। बाद में ईडी की ओर से प्रकरण दर्ज करने पर मामले को सुनवाई के लिए ईडी कोर्ट भेजा गया। लेकिन अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने के कारण मामले में कटारा के खिलाफ ट्रायल नहीं चल पा रहा था। लेकिन सरकार ने कुछ दिन पहले ही कटारा के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी करने की अनुमति दी थी।

चलती बस में पेपर हल करवा रहे थे

पेपरलीक के सरगना चलती बस में अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले पेपर हल करवा रहे थे। लेकिन उदयपुर जिले के बेकरिया थाना पुलिस ने 24 दिसम्बर 2022 को इस बस को पकड़ा था। बस में द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती के 49 अभ्यर्थी परीक्षा से पहले पेपर हल कर रहे थे। इसके बाद पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ। एसओजी के अनुसार कटारा को इस परीक्षा के पेपर और उत्तर कुंजी तैयार करने का दायित्व मिला था। लेकिन उसने पेपरलीक कर दिया। कटारा के घर से 51.20 लाख रुपए नकद व 541 ग्राम सोने के 9 आभूषण बरामद हुए थे।

30 जून को होगी मामले की सुनवाई

एसओजी की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएस चौहान की ओर से अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर आरोपी के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी करने वाले कार्मिक विभाग के अधिकारी को भी अभियोजन पक्ष का गवाह बनाने की अनुमति मांगी हैं। अदालत मामले में तीस जून को सुनवाई करेगी।

पुलिसकर्मियों ने किया योगाभ्यास

जयपुर। अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह में शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने योगाभ्यास किया।पुलिस कमिश्नरेट में ब्रह्मकुमारीज संस्थान के योग प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास करवाया। योगाभ्यास को बढावा देने के लिए पुलिसकर्मियों को योगाभ्यास करवाकर मानसिक तनाव दूर करने का प्रयास किया गया। योग भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की विश्व को अनुपम देन है। प्राचीन भारतीय पद्धितयाँ शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को लेकर हमारी सभी की आवश्यकताओं का सम्पूर्ण जवाब है। पुलिसकर्मियों में विषम परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर शारीरिक एवं मानसिक तनाव को दूर करने में योगाभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) देवेन्द्र कुमार विश्नोई, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) शिल्पा चौधरी सहित पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

स्व. विजय रूपाणी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को गांधी नगर पहुंचकर गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गांधीनगर/जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को गांधीनगर में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने रूपाणी के देहावसान पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पार्षद, मेयर से लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में समर्पित होकर काम किया, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका निधन पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने परम धाम में स्थान देने की प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। प्रार्थना सभा में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल व गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन मौजूद रहे।

शातिर वाहन चोर किशन वर्मा गिरफ्तार

जयपुर। शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर किशन वर्मा को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चुराई गई चार मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित के खिलाफ एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। आरोपी नशे का आदि है नशा करने के लिए चोरी करता है और जहां चुराए गए वाहनों को पेट्रोल खत्म होने पर वही पर छोड कर दूसरा वाहन चोरी कर ले जाता है।

आरोपित ने जयपुर शहर के अन्य थाना इलाके से दर्जनों वाहन चोरी करना कबूल किया है। जो एक माह पूर्व ही जेल से छूटा था और पूनः वाहन चोरी की वारदात में लग गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर-सैंकड) बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर किशन वर्मा निवासी नाहरी का नाका शास्त्री नगर जयपुर हाल हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चोरी की गई चार मोटरसाइकिल बरामद की है और वहीं भट्टा बस्ती से चुराई गई एक्टिवा अपने दोस्त शाहरुख एवं मुन्ना निवासी भट्टा बस्ती को देना बताया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

तंबाकू नियंत्रण में राजस्थान रहा देशभर में अव्वल

जयपुर। तंबाकू की लत के खिलाफ छेड़े गए जंग में राजस्थान ने पूरे देश में सबसे प्रभावी प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत वर्ष 2024-25 की गतिविधियों में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। केंद्र सरकार ने इस सफलता के लिए राजस्थान को 'बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड' से नवाजा है, जो राज्य के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तंत्र की संगठित और प्रतिबद्ध कार्यप्रणाली का प्रमाण है।

नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव वी हेकली झिमोमी एवं अतिरिक्त उप महानिदेशक डॉ. एल स्वास्थिचरण द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया। राजस्थान की ओर से यह पुरस्कार राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एसएन धौलपुरिया, एएसपीओ नरेंद्र सिंह, एवं एसपीओ डॉ. जकारिया चौहान ने प्राप्त किया।

राज्य सरकार की ओर से चलाए गए तंबाकू विरोधी अभियानों में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की सक्रिय भूमिका रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने इस उपलब्धि पर तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से जुडे समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि, यह सम्मान टीमवर्क, सतत प्रयासों और जन-जागरूकता की सशक्त रणनीति का परिणाम है। उन्होंने बताया कि 24 सितम्बर 2024 को टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत प्रदेश के कोने-कोने में तंबाकू के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता फैलाई गई।

नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राजस्थान की ओर से यह पुरस्कार राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एसएन धौलपुरिया, एएसपीओ नरेंद्र सिंह, एवं एसपीओ डॉ. जकारिया चौहान ने प्राप्त किया।

- राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में प्रथम स्थान
- केंद्र सरकार ने दिया 'बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड'

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान संस्थान के अंतर्गत 14 हजार 725 जागरूकता कार्यक्रम, 11,850 आईईसी गतिविधियां, कोटपा 2003 की धारा 4 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारियों के द्वारा 40,232 चालान कार्यवाही, धारा 6 (ए) के अंतर्गत 4020 चालान कार्यवाही, धारा 6 (ब) के अंतर्गत 1123 चलान कार्यवाही की गई। साथ ही, तम्बाकू मुक्ति की दिशा में 15,765 व्यक्तियों की काउन्सलिंग तथा 7539 का उपचार किया गया। टोबैको फ्री यूथ कैंपेन के अंतर्गत तंबाकू से जुड़ी गलत धारणाओं को तोड़ने और युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए व्यापक कार्यशालाएं, पेंटिंग प्रतियोगिताएं, डिजिटल प्रचार और ग्राम स्तर पर नोडल वालंटियर्स की नियुक्ति की गई।

नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म

जयपुर। नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर परिचित युवक द्वारा कार में एक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर गाली-गलौच कर मारपीट की। भांकरोटा थाने में पीड़ित महिला ने आरोपी परिचित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच थानाधिकारी मनीष गुप्ता कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि भांकरोटा इलाके में रहने वाली महिला ने मामला दर्ज करवाया कि परिचित होने के कारण आरोपी से उसकी बातचीत थी। आरोप है कि भांकरोटा जाने के दौरान उसे आरोपी परिचित मिला। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसके अपनी कार में बैठा लिया। कार में बैठाकर आरोपी परिचित ने उसे कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए ऑफर की। कोल्ड ड्रिंक में नशा मिला होने के कारण बेहोशी छाने लगी। बेहोशी की हालत में आरोपी ने कार में ही उसके साथ रेप किया।

ऑनलाइन ठगी के आरोपियों को जश्न नहीं मनाने की शर्त पर जमानत

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने ऑनलाइन ठगी के आरोप में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे दो आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने दोनों आरोपियों पर शर्त लगाई है कि वे जमानत पर रिहा होने के बाद सार्वजनिक रूप से जश्न नहीं मनाएंगे।

अदालत ने कहा कि, यदि आरोपी सार्वजनिक रूप से जश्न करते मिले तो राज्य सरकार उनकी जमानत को रद्द कराने के लिए याचिका दायर कर सकती है। जस्टिस गणेश राम मीणा की अवकाशकालीन एकलपीठ ने यह आदेश सौरभ और सौरभ गोस्वामी की जमानत याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए।

जमानत याचिकाओं में अदालत को बताया गया कि प्रकरण में आरोपियों को झूठा फंसाया है। याचिकाकर्ता बीते 25 मार्च से न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हैं। पुलिस ने प्रकरण में विस्तृत जांच कर आरोप पत्र भी संबंधित अदालत में पेश कर दिया है। जिसकी सुनवाई पूरी होने में समय लगने की संभावना है। ऐसे में उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ताओं पर ऑनलाइन ठगी करने का गंभीर आरोप है। इसके साथ ही अदालत के सामने आया कि यदि आरोपियों को जमानत दी गई तो ये सार्वजनिक रूप से अपनी रिहाई का जश्न मनाएंगे। मामले की सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश देते हुए उन्हें सार्वजनिक रूप से जश्न नहीं मनाने को कहा है। गौरतलब है कि करौली निवासी इन आरोपियों पर गत मार्च माह में स्थानीय थाने में ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज कराया गया था।

'स्वस्थ तन-मन के लिए योग जरूरी'

जयपुर । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को सेंट्रल पार्क में स्वयं योग करके आम जन को योग क्रियाएं करवाई। उन्होंने युवाओं और 50 वर्ष के ऊपर के लोगों के लिए योग और गति से जुड़ी विभिन्न शारीरिक मुद्राओं का प्रदर्शन कर प्रतिदिन इन्हें कर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि योग हजारों साल से चली आ रही हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून को इसलिए चुना गया की वर्ष के 365 दिन में यह सबसे बड़ा दिन होता है। उन्होंने कहा कि मूलतः योग भारत का हैं। महर्षि पतंजलि ने इसकी शुरुआत की। जो योग नियमित करता है, वह जीवन पर्यंत स्वस्थ रहता है और उसकी आयु बढ़ती है।

राज्यपाल ने शुक्रवार को सेंट्रल पार्क में राजस्थान कॉपरेटिव फेडरेशन, सरस डेयरी द्वारा आयोजित सामूहिक योग एवं स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में भाग लेने के साथ ही योग शिक्षकों, कलाकारों और योग शिक्षण से जुड़े प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र और अपनी ओर से नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर उद्योग, खेल एवं युवा मामले विभाग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि योग मन, बुद्धि और शरीर की एकता स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लगातार काम करते हैं और इसकी प्रेरणा योग को बताते हैं। उन्होंने कहा कि भागमभाग की इस जिंदगी में योग से ही स्वस्थ रहा जा सकता है।

- योग हजारों सालों से चली आ रही हमारी संस्कृति है : बागड़े

विधायक गोपाल शर्मा ने योग की भारतीय परंपरा और योगेश्वर श्री कृष्ण की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सीमा पर आतंकवाद के ठिकाने नष्ट करने को महती बताते हुए कहा कि यह भी योग से संभव हुआ।

आरंभ में महाप्रबंधक श्रुति भारद्वाज ने स्वागत उद्बोधन में सरस की गतिविधियों और योग संस्कृति के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया। सरस डेयरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पुनिया भी उपस्थित रहे। इससे पहले तन्मय सिंह राव और अंकुश ने दुर्लभ योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया। डॉ. महेंद्र सिंह राव के नेतृत्व में लोगों ने सामूहिक योग, व्यायाम भी किया।

सी.ए.जी. द्वारा गठित 'वर्किंग ग्रुप' में आई.ए.एस. संदीप वर्मा भी शामिल

जयपुर । भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक (सी.ए.जी.) ने सार्वजनिक खरीद की व्यवस्था में सुधार लाने और इसकी ऑडिट में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सभी पक्षकारों के साथ मिलकर एक वर्किंग ग्रुप का गठन किया है। इस समूह में पूरे देश में सिर्फ राजस्थान कैडर के वरिष्ठ आई.ए.एस. और अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा को शामिल किया गया है।

गौरतलब है कि इस सात सदस्यीय समूह में अतिरिक्त उप नियंत्रक व महालेखापरीक्षक (ए.डी.ए.आई) प्रमोद कुमार, राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा, राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लि. के पूर्व सीईओ प्रकाश गौड, नीति आयोग के कार्यक्रम निदेशक पार्थ सारथी रेड्डी, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सी.ई. शैलेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम के सीएफओ पी.के.अग्रवाल, आर्थिक सलाहकार के. सुब्रमण्यम शामिल होंगे।

आई.ए.एस. संदीप वर्मा

- यह 7 सदस्यीय समूह सार्वजनिक खरीद की व्यवस्था में सुधार लाने और इसकी ऑडिट में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए काम करेगा
- राजस्थान कैडर के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा, पूरे देश में इकलौते आई.ए.एस.अफसर हैं, जो इस समूह का हिस्सा बने हैं।

यह समूह सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया के मौजूदा नियम-कायदों के अभाव अथवा ऑडिट के दौरान पाई गई खामियों को अंगीकृत करेंगे, ताकि सरकार उन्हें दुरुस्त कर सके। क्या खरीद होनी चाहिए और किस प्रकार से होनी चाहिए, इस बारे में भी सही सलाह और सिफारिश भी पेश करेंगे। अंकेक्षण (ऑडिट) के दौरान दुनियाभर में अपनाई जा रही सर्वोत्तम नीत्तियों अथवा प्रथाओं को सी.ए.जी. के ऑडिटर्स की ट्रेनिंग में भी लागू करने का सुझाव देंगे। यह ग्रुप प्रत्येक 3माह में एक बार रिव्यू मीटिंग बुलायेगा।

दो लोगों से 7 लाख रुपए की साइबर ठगी

जयपुर। शहर में दो अलग-अलग थाना इलाके में दो लोगों से सात लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। जवाहर नगर थाना इलाके में साइबर ठगों ने एक युवक के खाते से पांच लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस के अनुसार जवाहर नगर निवासी नानकराम ने मामला दर्ज करवाया कि साइबर ठगों ने उसके खाते से पांच लाख रुपए निकाल लिए। यह ठगी 19 जून को हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि ठगों ने उसके मोबाइल को हैक किया था और फिर उसके खाते से यह राशि निकाल ली गई। दूसरी घटना में करधनी थाना इलाके में साइबर ठगों ने एक युवक के फोन पे एप को हैक कर उसके खाते से 2 लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस के अनुसार निवारू एनक्लेव आर्मी कैम्प निवासी धन्नजंय कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि किसी ने उसके फोन पे एप को हैक कर लिया और फिर उसके खाते से ऑनलाइन दो लाख रुपए निकाल लिए गए।

राजधानी जयपुर में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन झमाझम बारिश हुई। करीब एक घंटे की तेज बारिश ने शहर की सड़कों को दरिया में तब्दील कर दिया, जिससे वहां वाहन चालकों और राहगीरों को आवाजाही में काफी परेशानी उठानी पडी।

खान विभाग ने ढाई माह में सर्वाधिक 1670 करोड़ रुपए राजस्व कमाया

मुख्यमंत्री भजन लाल के नेतृत्व में खनिज खोज में ए.आई. के उपयोग का पायलट प्रोजेक्ट

जयपुर । खान एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 17 जून तक 1670 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित हुआ है, जो इसी अवधि का अब तक का सर्वाधिक राजस्व है।

उन्होंने विभागीय गतिविधियों में पारदर्शिता लाने की दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए माइनिंग से जुड़ी सभी एप्लीकेशंस को ऑनलाईन करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी को भी कार्य विशेष के लिए विभाग के कार्यालयों में अनावश्यक नहीं आना पड़े। शुक्रवार को प्रमुख सचिव टी. रविकान्त उदयपुर खनिज भवन में हाईब्रिड मोड पर विभागीय अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा माइनिंग प्लान के ऑन लाईन अनुमोदन की व्यवस्था कर दी है इसी तरह से लीज इन्फोर्मेशन और डिमाण्ड सिस्टम की संपूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाईन करने से समय व धन की बचत के साथ ही खानधारकों को बड़ी राहत मिलने लगी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में अब पायलट आधार पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग सिस्टम का उपयोग मिनरल एक्सप्लोरेशन के लिए शुरु किया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के परिणामां का विश्लेषण कर इसे और अधिक विस्तारित किया जाएगा।

खान एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने शुक्रवार को उदयपुर के खनिज भवन में हाईब्रिड मोड पर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

इसी तरह से डीएमएफटी को और अधिक व्यावहारिक बनाते हुए खनन प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य, षिक्षा, कौषल विकास, महिला बाल विकास सहित सीधे आम आदमी से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी है।

रविकान्त ने खनिज प्लाट और ब्लॉक तैयार करने के डेलिनियेशन व अन्य कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने के साथ ही माइनिंग व जियोलोजी विंग में बेहतर समन्वय पर जोर दिया ताकि अधिक से अधिक माइनर व मेजर मिनरल के ब्लॉक तैयार कर ऑक्शन किया जा सके। इससे माइनिंग सेक्टर में निवेश, रोजगार और राजस्व की बढ़ोतरी तो होगी ही साथ ही अवैध खनन पर भी रोक लग सकेगी। उन्होंने राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने फील्ड अधिकारियों से कहा कि राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वित्तीय वर्ष के अंतिम महिनों तक प्रतीक्षा करने के स्थान पर निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार प्रतिमाह वसूली की जाये।समीक्षा बैठक में न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों, विधानसंभा के लंबित प्रकरणों, मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव स्तर से प्राप्त पत्रों और अभाव अभियोगों के तयसमय सीमा में निष्पादन के निर्देष दिए गए।

- सभी एप्लीकेशंस होगी ऑनलाईन- पारदर्शिता, समय व धन की होगी बचत : टी. रविकांत
- अधिक से अधिक मिनरल प्लाटों के डेलिनियेशन कर ऑक्शन पर जोर

पुरानी व करन्ट बकाया राशि की वसूली के और अधिक कारगर प्रयास करने को कहा।निदेशक माइंस दीपक तंवर ने कहा कि अधीक्षण खनि अभियंता स्तर पर राजस्व वसूली, डेलिनियेशन, प्लॉट ऑक्षन, आरसीसी/ईआरसीसी ठेकों की नीलामी व रायल्टी वसूली आदि प्रमुख बिन्दुओं पर नियतकालीन समीक्षा होनी चाहिए।

उन्होंने खान धारक पर सरकारी राजस्व की बकाया ड्यू होते ही उसे जमा कराने का नोटिस चले जाना चाहिए ताकि समय पर राजस्व आ सके।

तंवर ने विश्वास दिलाया कि विभाग द्वारा राज्य सरकार द्वारा तय बैठक में संयुक्त सचिव आशु चौधरी, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सुनील वर्मा, जेएलआर गजेन्द्र सिंह, विभाग के अतिरिक्त निदेशक माइनिंग और भूविज्ञान, अधीक्षण खनिज अभियंता, एमई-एएमई व अधीक्षण भूवैज्ञानिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया।